हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 नवंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

13 राज्योत्सव में पुलिस का जागरुकता स्टाल बना ...



14 पंज प्यारों की अगुवाई में गुरुग्रंथ साहिब का नगर कीर्तन निकला



## खबर संक्षेप

### बांसपारा में श्रीमद भागवत कथा आज से

**धमतरी।** नगर के बांसपारा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 4 से 12 नवम्बर को होगा।



कथावाचक आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज होंगे। कथा के मुख्य यजमान वीणा पदमवार ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 4 नवम्बर को होगा। कलश यात्रा दोपहर 3 बजे निकलेगी। प्रतिदिन कथा दोपहर 2 से 6 बजे तक होगी। 8 नवंबर को कृष्ण जन्म और 10 नवंबर को रुक्मणि की कथा होगी। 12 नवम्बर को समापन और महाप्रसाद का वितरण कार्यक्रम होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से कथा का लाभ लेने की अपील की है।

### स्वेच्छा अखिल भारतीय कबड्डी स्पर्धा के लिए लद्दाख रवाना

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ी छात्रा स्वेच्छा चौहान



कबड्डी में पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर का और ईस्ट जोन का प्रतिनिधित्व करेंगी। विगत दिनों सीवी रमन विवि बिलासपुर में 6 से 9 अक्टूबर तक आयोजित स्पर्धा में उन्हें कांस्य पदक प्राप्त हुआ। स्वेच्छा अब 7 से 11 नवम्बर तक लद्दाख विवि में पं. रविशंकर शुक्ल विवि का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल हमारे महाविद्यालय की है, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है। डॉ. चन्द्रशेखर बांधे खेल अधिकारी की मेहनत की सराहना की।

### उमरगांव में डांस स्पर्धा 5 को

**नगरी।** नवयुवा समिति उमरगांव के तत्वावधान में नवीन बाल मंडली स्कूल पारा परिसर में 5 नवंबर की रात्रि अंतरराज्यीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन रात्रि 8 बजे से होगा। सामूहिक नृत्य में प्रवेश शुल्क 200 है। प्रथम पुरस्कार 10,000, द्वितीय 5,000, तृतीय 3,000, चतुर्थ 2,000 पुरस्कार रूपये दिये जायेंगे। युगल नृत्य में प्रवेश शुल्क 150 रूपये है। प्रथम पुरस्कार 4,000, द्वितीय 2,000, तृतीय 1,000, चतुर्थ पुरस्कार 500 रूपये दिये जायेंगे। एकल नृत्य में प्रवेश शुल्क 100 रूपये है। प्रथम पुरस्कार 3,000, द्वितीय 2,000, तृतीय 1,000, चतुर्थ पुरस्कार 500 रूपये दिये जायेंगे। तैयारी में समिति के अध्यक्ष फलेंद्र साहू, उपाध्यक्ष कमलेश कश्यप, परमेश्वर नेताम, कोषाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिन्हा, ईतु ध्रुव, सचिव जनक ध्रुव, सहसचिव दिपांशु मानिकपुरी, राहुल सिन्हा, फलेंद्र साहू, जनक ध्रुव, राजू सिन्हा, कमलेश कश्यप जुटे हुए हैं।

### जहरीली गोली का सेवन कर युवती ने की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवती ने जहरीली गोली का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार समीपस्थ ग्राम हसदा थाना सनौद निवासी खेमलता निर्मलकर पिता संतोष कुमार उम्र 22 वर्ष कक्षा 12वीं तक पढ़ाई की है। उसके माता-पिता मजदूरी करते हैं। रविवार की सुबह पिता संतोष अपनी पत्नी के साथी मजदूरी करने खेत चला गया। युवती घर पर थी। इसी दौरान युवती ने घर में सल्फास गोली का सेवन कर उल्टी कर रही थी जिसे देख पड़ोसी के बच्चे ने खेत में जाकर संतोष को घटना की जानकारी दी। दोनों तत्काल घर पहुंचे। पिता के पूछने पर युवती ने सल्फास गोली का सेवन करना बताया। युवती को गंभीर हालत में उपचार के लिये जिला तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान रविवार की रात्रि युवती की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

---

जिले की सभी 74 समितियों के कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर

# धान खरीदी से पहले सहकारी समितियों में तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धान खरीदी से पहले जिले की सभी 74 सहकारी समितियों में ताला लग गया है। राशन दुकानें भी बंद हो गई हैं। आंदोलन के अंतिम चरण में समितियों के सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे धान खरीदी समय पर शुरू होने पर संशय है।

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सहकारी समितियों के कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन पर हैं। कई चरण के आंदोलन के बाद जब उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वे सोमवार से छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और छत्तीसगढ़ संविदा कम्प्यूटर आपरेटर महासंघ के बैनर तले अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए। रायपुर और धमतरी में धरना प्रदर्शन के लिए जगह नहीं मिलने पर उनका धरना प्रदर्शन महासमुंद में चल रहा है। इस आंदोलन में समिति के रेगुलर, संविदा सहित सभी कर्मचारी शामिल हैं, जिसके चलते जिले की सभी सहकारी समितियों में तालाबंदी की स्थिति है। समिति



कार्यालय के सामने हड़ताल बंद की सूचना चस्पा कर सभी कर्मचारी छुट्टी पर चले गए हैं। उधर धान खरीदी शुरू होने में मात्र 11 दिन शेष हैं। ऐसे में आंदोलन समाप्त नहीं होता है तो धान खरीदी शुरू होना मुश्किल है। हड़ताल के चलते किसानों की मुसीबत बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार समितियों में 15-20 प्रतिशत तक किसानों का पंजीयन अभी तक नहीं हुआ है। पंजीयन के लिए वे तहसील कार्यालय से लेकर सहकारी समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। पंजीयन के लिए 10 नवंबर तक का समय दिया गया है। कर्मचारियों का आंदोलन समाप्त नहीं होता है तो कई किसान पंजीयन से चूक जाएंगे और उनका धान समर्थन मूल्य पर नहीं बिक पाएगा।

### टोकन के इंतजार में किसान

खरीदी शुरू होने में कुछ ही दिन शेष है, लेकिन अब तक किसानों को टोकन जारी करना शुरू नहीं किया गया है। पोर्टल में टोकन का आप्शन ही नहीं खुला है। अब कर्मचारी भी आंदोलन पर चले गए हैं। ऐसे में किसानों के पास सिर्फ ऑनलाइन टोकन का आप्शन है। वह भी जब टोकन का आप्शन खुलेगा। किसानों ने बताया कि हर साल खरीदी से पहले किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। किसान पहले से ही खराब मौसम के चलते परेशान हैं। अब धान खरीदी में आ रही समस्याओं ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है।

### इन मांगों को लेकर डटे हैं कर्मचारी

समिति कर्मचारी अपनी मुख्य चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन पर हैं, जिसमें समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की संपूर्ण सूखत राशि मान्य समितियों को दी जाए। इस बार खरीदी के बाद हर सप्ताह पूरा का पूरा धान का उठाव किया जाए। आउट सोर्सिंग से नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटरों को नियमित किया जाए। प्रत्येक समिति को हर साल 3 लाख रुपए का प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए। इसके अतिरिक्त कई मांगों को लेकर डटे हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती है वे आंदोलन पर रहेंगे।

---

# रीपा सेंटर भटगांव में बिना लाइसेंस के बन रहा बालूशाही और नमकीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम भटगांव के रीपा सेंटर में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने अमानक खाद्य सामग्री निर्माण पर कार्रवाई की है। यह कार्रवाई जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा की शिकायत पर हुई है।

सोमवार को जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा एवं सभापति अजय ध्रुव रीपा सेंटरों का निरीक्षण करते हुए ग्राम भटगांव पहुंचे। इस दौरान उन्हें खाद्य पदार्थों में गंदगी तथा अमानक रासायनिक पदार्थों के इस्तेमाल की आशंका हुई। जिपं अध्यक्ष ने इसकी सूचना एफडीए अधिकारी सर्वेश यादव को सूचना दी। श्री यादव फूड



एफडीए की टीम ने खाद्य सामग्री का नमूना लेकर की कार्रवाई

सेफ्टी अधिकारी फनेश्वर पिथौड़ा और नमूना सहायक श्री वर्मा के साथ पहुंचे। फूड अधिकारी फनेश्वर पिथौड़ा ने बताया कि आमापारा वार्ड निवासी अनिल कलवानी बिना किसी लाइसेंस के पूजा नमकीन के नाम से खाद्य पदार्थ का निर्माण कर रहा है, जो कि मिथ्या छाप है। वहां भंडारित बालूशाही तथा नमकीन का नमूना सेंपल जांच के लिए लिया गया है। टीम ने खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 एवं विनिमय 2011 के तहत बगैर लाइसेंस की धारा में कार्रवाई की है।

---

# कलेक्टोरेट परिसर में युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

- जमीन संबंधी मामले में गलत तरीके से फौत उठाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

लगातार शिकायत के बाद भी जमीन संबंधी मामले का निराकरण नहीं होने से परेशान एक युवक ने कलेक्टोरेट परिसर में खुद पर पेट्रोल उड़ेलकर आत्मदाह करने की कोशिश की। आसपास मौजूद लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने युवक से माचिस और पेट्रोल का डिब्बा छीना। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। बताया गया है कि जिस मामले का वह निराकरण चाहता है, वह मामला सिविल कोर्ट में लंबित है।



घटना करीब डेढ़ बजे की है। सोमवार को एक युवक कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन लेकर पहुंचा था। आवेदन देने के बाद भी उसे संतोषप्रद जवाब नहीं मिला तो वह कलेक्टोरेट भवन से बाहर आ गया। पार्किंग के पास उसने प्लास्टिक की बॉटल में रखे पेट्रोल और मिट्टीतेल को खुद पर उड़ेल लिया। इसके बाद जेब से माचिस निकाल रहा था। पेट्रोल की गंध से वहां सुरक्षा कर्मी और लोग अलर्ट हो गए। युवक को आत्मदाह की तैयारी करते देख सबने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे कलेक्टर के निज सहायक के पास ले जाया गया। वहां से उसे बाथरूम में ले जाकर पानी से नहलाया गया। इसके बाद अपर कलेक्टर रीता यादव के पास ले जाया गया। अपर कलेक्टर ने उसे समझाइश दी। इस घटना से पूरे कलेक्टोरेट में हड़कंच मच गया था।

### निराकरण नहीं होने से परेशान है युवक

युवक देवेंद्र कुमार साहू रामपुर भखारा निवासी है। उसने बताया कि जमीन संबंधी मामले में वह लगातार दफ्तरों का चक्कर लगा रहा है। उसका आरोप है कि कोटवार और पटवारी ने गलत तरीके से जमीन का फौत उठवाया है। न्याय पाने के लिए वह कई बार अधिकारियों को आवेदन दे चुका है। हर बार निराशा ही हाथ लगी है, जिसके चलते उसे आत्मघाती कदम उठाना पड़ा। इस संबंध में अपर कलेक्टर रीता यादव ने बताया कि तहसील, एसडीएम न्यायालय और आयुक्त रायपुर में मामला चल चुका है। मामले का निराकरण भी हो चुका है। अब यह मामला सिविल न्यायालय में चल रहा है।

---

# युवक की केबल वायर कटर से हत्या कर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

- छिपली हत्याकांड का खुलासा, नगरी पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मामूली विवाद पर युवक की केबल वायर कटर से हत्या कर फरार हुए आरोपी को नगरी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि नगरी थाना क्षेत्र के ग्राम छिपली निवासी सुयश लहरे उर्फ सन्नी पिता प्रभुलाल उम्र 33 वर्ष पर रविवार की दोपहर गांव के कुलेश्वर विश्वकर्मा ने शराब के नशे में मामूली बात को लेकर केबल वायर कटर से सीने व गले में हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी कुलेश्वर विश्वकर्मा मौके से फरार हो गया। दिनदहाड़े गांव के शहीद चौक में स्थित दादू अण्डा ठेला के बरामदे में घटित इस खूनी घटना में घायल सुयश को उपचार के लिये नगरी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। ग्राम छिपली निवासी खिलेन्द्रकांत लहरे की सूचना पर नगरी पुलिस ने तत्काल छिपली पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण में जुट गई। घटना के बाद आरोपी मौके से भागकर छिपने का प्रयास कर रहा था लेकिन इस



सनसनीखेज घटना को गंभीरता से लेते हुए नगरी व सिहावा पुलिस की संयुक्त टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी कुलेश्वर विश्वकर्मा को हिरासत में ले लिया। नगरी थाना में धारा 103-1 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी कुलेश्वर विश्वकर्मा पिता महेन्द्र उम्र 25 वर्ष ग्राम छिपली थाना नगरी निवासी को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त केबल वायर काटने के औजार को जब्त कर लिया गया। बताया जाता है कि घटनास्थल के पास खुलेआम अवैध शराब की बिक्री की जाती है जिसके कारण वहां पर देर रात तक शराब पीने वालों की आवाजाही रहती है। रविवार की दोपहर में दोनों युवक भी शराब के सिलसिले में वहां पर गए थे।

### आवाज देना बना हत्या कारण

एसपी ने मीडिया को बताया कि मृतक घटनास्थल के पास गया था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे आरोपी को मृतक ने पीछे से आवाज लगाई थी जिसके कारण तैश में आकर आरोपी ने नशे की हालत में सुयश के सीने व गले में केबल वायर कटर से प्राणघातक हमला कर दिया। इस घटना में घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई।

---

# नारायणी धाम में 6 को रामधुनी एवं कीर्तन

**धमतरी।** दादी रानी सत्ती मंदिर नारायणी धाम रायपुर रोड (सेहराडबरी के आगे) में श्री रामधुनी एवं संगीतमय कीर्तन का आयोजन 6 नवंबर की रात्रि 7:30 बजे से 10 बजे तक होगा। मुख्य आयोजक कमल अग्रवाल धमतरी हैं। इस अवसर पर भक्तों के लिए ड्रेस कोड पीला रखा गया है। समिति के अनुसार 7 नवंबर को योगेश साहू रुद्री रोड धमतरी में, 8 नवंबर को अविनाश बिसन वर्धा महाराष्ट्र में, 9 नवंबर को नागपुर महाराष्ट्र में, 12 नवंबर को रमेश देवांगन द्वारा शिव महापुराण कथा



अन्नपूर्णा भवन देवांगन चौक हाटकेशर में, 13 नवंबर को अजय चौबे विवेकानंद कॉलोनी गली नंबर 4 धमतरी में, 15 नवंबर को एकादशी विशेष कार्यक्रम के रूप में तथा 20 नवंबर को लखुभाई भानुशाली वृद्धा आश्रम रुद्री में आयोजन होगा। इसी प्रकार 1 दिसंबर से जनवरी और फरवरी तक विभिन्न तिथियों पर रामधुनी एवं संगीतमय कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिवरात्रि पर्व पर श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर टिम्बर भवन के सामने विशेष संकीर्तन होगा।

---

# पीएचसी सिंगपुर में डॉक्टर और स्टाफ की कमी

- क्षेत्र के 23 गांवों के लोगों को नहीं मिल पा रहा समुचित उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वनांचल का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगपुर डॉक्टर और कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। सिंगपुर सरपंच तथा क्षेत्र के जनपद सदस्य ने स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारी उपलब्ध कराने की मांग कलेक्टर से की है।

ग्राम पंचायत सिंगपुर के सरपंच लोमेश्वर साहू, जनपद सदस्य रामजी नेताम ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगपुर में आसपास के 23 गांव के मरीज आश्रित हैं। सिंगपुर के अस्पताल में डॉक्टर और कर्मचारी नहीं होने के कारण लोगों को लंबी दूरी तय कर जिला अस्पताल जाना पड़ता है।

उन्होंने कहा है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस डाक्टर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, कम्प्यूटर आपरेटर, स्टाफ नर्स का पद रिक्त है। सरपंच तथा जनपद सदस्य ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रिक्त पदों पर डॉक्टर तथा कर्मचारी नियुक्त करने की मांग की है।

### जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा

सिंगपुर सरपंच लोकेश्वर साहू ने अन्य आवेदन में कहा कि ग्राम पंचायत सिंगपुर में जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माण एवं सुधार कार्य आधा अधूरा किया गया है। पंचायत में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रही है। गांव में पेयजल की समस्या बनी हुई है। गर्मी में पेयजल संकट आने से पूर्व पेयजल व्यवस्था का सुधार एवं निर्माण पूर्ण कराने की मांग कलेक्टर से की है।

---

# पुरानी रंजिशवश युवक पर धारदार बंडा से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- ढीमरटिकुर की घटना, आरोपी गिरफ्तार

पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने गांव के ही दूसरे युवक के सिर में धारदार बंडा से प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने बंडा को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम ढीमरटिकुर निवासी नरेन्द्र कुमार साहू पिता कुलेश्वर उम्र 36 वर्ष शनिवार की रात्रि मोहन गंजीर, हेमनारायण सोनी, पोखन



साहू, नोहर साहू सहित अन्य लोगों के साथ गांव के बजरंग चौक में बैठकर खेती-किसानी के संबंध में चर्चा कर रहा था। इसी दौरान तिहारूराम यादव पिता लक्ष्मण उम्र



60 वर्ष ढीमरटिकुर नवागांव निवासी वहां पहुंचा और दीपावली लक्ष्मी पूजन के दिन हुए पैसों के लेन-देन को लेकर नरेन्द्र के साथ गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगा। इसी बीच तिहारूराम अचानक उग्र होकर अपने हाथ में रखे धारदार लोहे के बंडा से नरेन्द्र के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया। उसके दाहिने हाथ की ऊंगली में भी गंभीर चोट लगी है। घायल युवक को रात्रि में ही जिला अस्पताल लाया गया। वहां से परिजनों ने घायल युवक को अंबेडकर चौक के पास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में युवक का इलाज किया गया। घटना की सूचना पर अर्जुनी पुलिस ने आरोपी तिहारूराम यादव के खिलाफ धारा 296-ख, 109 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी तिहारूराम यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मौके से साक्ष्य एकत्रित किया। आरोपी ने घटना में प्रयुक्त लोहे के बण्डा को घर से निकालकर पुलिस को सौंप दिया। बंडा को जब्त कर पुलिस ने मिले साक्ष्यों के आधार पर मामले में आर्म्स एक्ट 25, 27 की धारा जोड़कर आरोपी तिहारूराम यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

---

पूर्व पार्षद के नेतृत्व में देवार बस्ती के लोगों ने रहने के लिए व्यवस्था देने की मांग की

# बेघर होने की चिंता से देवार परिवारों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रेलवे प्रशासन के अल्टीमेटम से देवार बस्ती में दहशत का माहौल है। सोमवार को पूर्व पार्षद अवैश हाशमी के नेतृत्व में देवारों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बेघर होने से पहले रहने के लिए उचित व्यवस्था की मांग की है।

औद्योगिक एवं नवागांव वार्ड के पूर्व पार्षद अवैश हाशमी सहित देवर बस्ती के लोगों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि झुग्गी



झोपड़ी में रहने वाले देवार अत्यंत गरीब तथा आर्थिक रूप से कमजोर हैं। बरसों से छोटी-छोटी झोपड़ी बनाकर स्टेशनपारा में निवास कर रहे हैं। शहर की गंदगी को साफ करते हुए जीविकोपार्जन कर रहे हैं। दीपावली के पूर्व रेलवे प्रशासन ने बस्ती खाली करने की चेतावनी दी है। इससे वे भयभीत तथा मानसिक रूप से परेशान हैं। 70 से 80 झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों का और कोई ठिकाना नहीं है। खुले आसमान के नीचे छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्ग असहाय लोगों को लेकर रहने को मजबूर होना पड़ेगा।

देवारों की मांग है कि झुग्गी झोपड़ी को तोड़ने से पहले उन्हें अन्यत्र बसाया जाए। पूर्व में भी जनदर्शन में आवेदन किया गया था लेकिन उनकी मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया जिससे वे भयभीत और मानसिक तौर पर परेशान हैं। बेघर किए जाने से पहले रहने के लिए उचित व्यवस्था प्रदान करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद अवैश हाशमी, सोनिया ध्रुव, आरती, गंगा, प्रमिला, जोहतरिन, संगीता, रिंकी, पिंकी, मंटोरा, परमा, शगुन, समीर, मुस्कान, सुनील, सोनल, हिरोंदी, करीना, बीजमा, रानी, ज्योति, नंदनी, मीरा, श्रीराम सहित अनेक देवार परिवार के लोग शामिल हैं।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969




## खबर संक्षेप

### गांजा का अवैध परिवहन तीन लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** स्कूटी से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे तीन लोगों को सांकरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 80 हजार रुपए का आठ किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि 2 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद एनएच 53 रोड गुरुघासी दास चौक सांकरा जाकर नाकाबंदी की गई। इसके बाद दो स्कूटी में तीन व्यक्ति आये, जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वे स्कूटी को पीछे मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे, जिन्हें पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा। पूछताछ करने पर जुपिटर स्कूटी चालक ने अपना नाम सुनील बाघ पिता महेंदर बाघ (23 साल) ठाकुरदिया थाना झारबंद जिला बरगढ़ ओडिशा एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रूपसिंग सिदार पिता पितरू लाल सिदार (18 साल) कुदारीबाहरा थाना बसना जिला महासमुंद एवं प्लेजर स्कूटी चालक ने अपना नाम तरूण सिदार पिता बालकराम सिदार (20 साल) ठाकुरदिया थाना झारबंद जिला बरगढ़ ओडिशा का रहने वाला बताया।

## निधन

### फूलबती साहू



**धमतरी।** ग्राम कंडेल निवासी श्रीमती फूलबती साहू धर्मपत्नी स्व. विश्राम सिंह साहू का 85 वर्ष की उम्र में 2 नवम्बर रविवार को निधन हो गया। वे चन्द्रवती, कमला बाई, जनक राम, निर्मला, महेन्द्र कुमार की माता एवं तन्नू, मधु, ममता, लिकेश साहू की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार में परिवारजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने दी स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की

# शिक्षकों के आपसी विवाद से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





ग्राम पंचायत बांधा में संचालित माध्यमिक शाला बांधा इन दिनों शिक्षकों के आपसी विवाद के कारण चर्चा का विषय बनी हुई है। शिक्षकों के बीच लंबे समय से चल रहे मनमुटाव और अनियमित उपस्थिति के चलते विद्यालय की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। सोमवार को 3 बजे के बाद स्कूल में ताला बंद कर दिया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में पदस्थ दोनों शिक्षकों के बीच तालमेल की कमी के चलते विद्यालय का माहौल शिक्षण के अनुकूल नहीं रह गया है। बच्चों की नियमित कक्षाएं संचालित नहीं हो रही हैं। शिक्षक अक्सर बिना सूचना के अनुपस्थित रहते हैं। इससे बच्चों की शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस समस्या की शिकायत पूर्व में कई बार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कलीराम साहू को लिखित ज्ञापन सौंपा है, जिसमें तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की गई।

सरपंच रमेश कुमार मांडवी और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परसनाथ कुंजाम ने कहा कि हमारे बच्चों का भविष्य इन शिक्षकों के आपसी विवाद की भेंट चढ़ रहा है। यदि शीघ्र शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित नहीं की गई और विद्यालय में नियमित पढ़ाई प्रारंभ नहीं हुई तो ग्रामीण विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर कल से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

सरपंच ने बताया कि शिक्षकों के बीच यह विवाद लगभग कई दिनों से चला आ रहा है। विभाग को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर विवाद का स्थायी समाधान निकालना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम पटेल नरसिंह मरकाम, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति परबत कुंजाम, बालाराम मांडवी, शत्रुघ्न सिन्हा ,गैंदलाल मंडावी, दीपा बाई, सोना बाई, घसिया राम, गुमान सिंह, सुखचंद मांडवी, मिलऊराम मरकाम, जैन बाई, शकुन बाई, उर्मिला बाई, सावित्रीबाई, शीतलराम नेताम, भगवान सिंह, सुकालू राम, कलेश्वर मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने कहा कि यदि विभाग जल्द कार्रवाई नहीं करता है, तो कल से विद्यालय में तालाबंदी कर आंदोलन किया जायेगा।

इस संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कलीराम साहू ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा शिक्षकों के आपसी विवाद की शिकायत प्राप्त हुई है। कुछ दिनों पहले दोनों शिक्षकों को गांव में समझाया गया था। इस विषय की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है।

## बधियाकरण एवं टीकाकरण अभियान का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम द्वारा सुभाषनगर के सामुदायिक भवन में कुत्तों का बधियाकरण और टीकाकरण किया जा रहा है। इसका निरीक्षण निगम के एमआईसी सदस्य नीलेश लुनिया और अखिलेश सोनकर ने किया। दोनों जनप्रिनिधियों ने स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों और पशु चिकित्सा दल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान नगर में आवारा पशुओं की संख्या नियंत्रित करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नगर निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में आवारा कुत्तों को पकड़कर उनका टीकाकरण और बधियाकरण किया जा रहा है। अभी तक 23 कुत्तों का बधियाकरण और टीकाकरण किया जा चुका है।

## पीजी कालेज के चार खिलाड़ियों ने स्पर्धा में झटके गोल्ड मेडल

- अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन कुश्ती प्रतियोगिता में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अंतर महाविद्यालयीन कुश्ती (महिला-पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय रायपुर द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के एमए प्रथम सेमेस्टर के टीनू ने 61 किलोग्राम में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। मनीष कुमार बीए भाग तीन ने 82 किलोग्राम व खोमेश सिन्हा एमए अंग्रेजी प्रथम सेमेस्टर ने 74 किलोग्राम में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। यश वाल्मिकी बीए प्रथम सेमेस्टर ने 57 किलोग्राम में गोल्ड मेडल प्राप्त कर नेशनल के लिए चयन हुआ। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन कुश्ती प्रतियोगिता 18 नवम्बर से चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित की जायेगी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. देवाशीष हाजरा एवं स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 3 में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर की गई। इस अवसर पर वार्डवासियों को प्रधानमंत्री आवास एवं स्व-निर्मित भवनों में सोलर पैनल स्थापित कर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने की जानकारी दी गई। नगर पंचायत टीम ने योजना के प्रति नागरिकों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मिकी गुप्ता, नगर पंचायत के अभियंता परमेश कुमार ध्रुव, आवास मित्र कमलेश साहू समेत नगर पंचायत नगरी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## सहकारी कर्मियों का आंदोलन जारी





**पुरी।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर संघ एवं छत्तीसगढ़ संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर महासंघ रायपुर ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के सभी संभाग में अनिश्चितकालीन कालीन आंदोलन का आगाज किया है। रायपुर धरना स्थल तुता में जगह नहीं मिलने के कारण धमतरी, रायपुर, महासमुंद, बलौदाबाजार, गरियाबंद में आयोजित आंदोलन में दैनिक, संविदा, नियमित कर्मचारी शामिल हुए। यह जानकारी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने दी।

## एड्स आज समाज की सबसे भयावह बीमारी

- सुखराम नागे कालेज में एड्स जागरूकता पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





एचआईवी एड्स आज इस समाज की सबसे भयावह बीमारी बन चुका है। भारत में हर साल एड्स से लगभग 42000 लोगों की मौत होती है। इस बीमारी से बचाव ही इसका उपचार है। जनमानस में जागरूकता लाने के लिये 31 अक्टूबर को शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब द्वारा स्कूल आऊट रिच प्रोग्राम के तहत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रभारी प्राचार्य डा. एके ध्रुव के मार्गदर्शन व कौशल नायक के संयोजन में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में लगभग 18 वालंटियर ने भाग लिया। छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से एचआईवी के फैलने के कारण को प्रमुखता से बताया। संक्रमित औजार (शेविंग किट, इंजेक्शन) का प्रयोग करने से बचे। गर्भवती महिलाओं को एचआईवी जांच अनिवार्य रूप से करानी चाहिए। एचआईवी से किस प्रकार बचा जा सकता है, उसे भी रोमांचक तरीके से समझाया गया। नुक्कड़ नाटक को और रोमांचक बनाने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया जिसमें स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। रेडरिबन क्लब नोडल अधिकारी प्रो. कौषल नायक पे नगरी क्षेत्र में एड्स की स्थिति पर प्रकाश डाला एवं एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव न करने की प्रेरणा दी। रिडरिबन क्लब की सदस्य प्रो. लोकेश्वरी राठिया ने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों में एड्स नियंत्रण केन्द्र बनाये गये हैं जहां से निःशुल्क परीक्षण एवं परामर्श प्राप्त किया जा सकता है। उनकी गोपनीयता पूरी तरह सुरक्षित रखी जाती है। कार्यक्रम में एसडीओपी थाना नगरी, सागर मांडवी, सुश्री सीता नेताम समेत अन्य मौजूद रहे।

## पेंशनर्स समाज के नए सदस्य का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी की बैठक में समाज के नए सदस्य मोहनलाल साहू का स्वागत किया गया। अध्यक्ष आरएल देव ने उन्हें समाज की सदस्यता दिलाई। सक्रिय सदस्य अरुण सोम ने पेंशनर्स समाज के विकास एवं सुविधाओं के विस्तार हेतु स्वप्रेरणा से 5001 की सहयोग राशि अध्यक्ष श्री देव को भेंट की। कार्यक्रम में अध्यक्ष आरएल देव, संरक्षक एएल बनपेला, सचिव पीआर चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष जीएस वर्मा, सदस्य जीसी साहू, बीएल सार्वा, जेके साहू, बीएस सुरेशा, डीएस ध्रुव, एस.कश्यप, एसपी ग्वाले, अरुण सोम एवं मोहनलाल साहू सहित अनेक पेंशनर्स उपस्थित थे।

### स्वच्छता और संस्कृति का दिखा अद्भुत संगम

## 2100 दीपों से जगमगाया ग्राम बिरझुली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय महाविद्यालय कंडेल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन ग्राम बिरझुली में सेवा, स्वच्छता और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्वयंसेवकों ने स्वच्छ ग्राम, सुंदर ग्राम के लक्ष्य के साथ पूरे दिन ग्राम विकास और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में भाग लिया।

सुबह के सत्र में एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्राम की नालियों और तालाब किनारों की सफाई की तथा नरहरा वाटरफॉल्स क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अभियान में ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और युवाओं की पहल की सराहना की।

संध्याकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम और दीपोत्सव का आयोजन हुआ, जो शिविर का मुख्य आकर्षण बना। मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती पुष्पलता रामायण सिन्हा रहीं। उन्होंने स्वयंसेवकों की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता, संस्कार और सामूहिक प्रयास ही ग्राम विकास की सच्ची दिशा हैं। रात्रि में ग्रामवासी और स्वयंसेवक मिलकर 2100 दीपों से पूरे ग्राम को आलोकित कर दिया। दीपों की यह श्रृंखला एकता, शांति और राष्ट्रीय एकात्मता का प्रतीक बनी।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पीतांबर सिन्हा ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना जगाना है। दिन का समापन लक्ष्य गीत और सामूहिक संकल्प स्वच्छ ग्राम, सुंदर ग्राम के साथ हुआ।

## जिला ग्राम पटेल संघ की बैठक 5 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

धमतरी जिला ग्राम पटेल संघ की बैठक 5 नवंबर बुधवार को सुबह 11 बजे पुराना मंडी कुरूद प्रांगण में रखी गई है। दीपावली मिलन समारोह के साथ अनेक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी जिला अध्यक्ष रामप्रसाद साहू ने दी है।

## निशा का नवोदय विद्यालय में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकासखंड की प्रायोगिक प्राथमिक शाला नगरी की छात्रा निशा शेर पिता गजेन्द्र शेर का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद में हुआ है। निशा की इस उपलब्धि पर प्रधानपाठिका निरूपमा साहू तथा शिक्षिकाओं मालती सोम, ज्योति मरकाम एवं प्रीति ने हर्ष जताया है।

## सरदार पटेल एकता, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र निष्ठा के प्रतीक थे : डॉ. जायसवाल

- आमदी महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने मनाई लौह पुरुष की 150वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)



शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में मनाई गई।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जायसवाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारतीय एकता, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रनिष्ठा के प्रतीक थे। उन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता से देश की सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया। उनका जीवन त्याग, अनुशासन और समर्पण की प्रेरणा देता है।

श्री जायसवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें और अपने जीवन में एकता, सहयोग तथा सेवा की भावना को अपनाएं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम

अधिकारी डिगेश्वर अटल ने महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कार्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्रओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी ने देश की अखंडता, एकता और सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेश कुमार, मन्नूलाल साहू, डॉ. उपमा तथा स्वयंसेवकों साहिल, मोनिश, केमेन्द्र, इन्द्रमन, योगिता, डुमेश्वरी, कीर्ति, वर्षा, हिमांशु, दिव्या, प्राची, रेणुका, योगिता, विभा, डेमन का योगदान रहा।

खबर संक्षेप

### जनपद उपाध्यक्ष ने किया स्कूलों एवं छात्रावासों का निरीक्षण



लोहण्डीगुड़ा। लोहण्डीगुड़ा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बसंत कश्यप ने मारीकोड़ेर तथा मारडूम के स्कूल एवं छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से मुलाकात कर उनका हाल जाना एवं बेहतर व्यवस्था एवं शिक्षा सुधार को लेकर निर्देशित किया। उनके साथ गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप सुदरू सेठिया, निरंजन बघेल, तुलसी मण्डावी मौजूद रहे।

### बस्तर ओलंपिक में खिलाड़ियों का दिखा दम



बस्तर। विकासखण्ड बस्तर में जोन स्तरीय बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता का आयोजन 3 नवम्बर से प्रारम्भ किया गया। आज 4 ज़ोन घोटिया, सिवनी, तुरपुरा व करन्दोला में जूनियर वर्ग व सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त जोन स्तरीय प्रतियोगिता का अवलोकन बस्तर ओलम्पिक ब्लॉक नोडल एवं सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील तिवारी द्वारा किया गया।

### आधार कार्ड सुधार शिविर में पहुंचे एसडीएम व तहसीलदार



तोकापाल। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर बस्तर हरीश एस ने संपूर्ण बस्तर जिला में आधार कार्ड में सुधार हेतु सभी विकासखंड में शिविर आयोजित किया है। इसी क्रम में आज तोकापाल विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल में आयोजित शिविर में एसडीम तोकापाल शंकर लाल सिन्हा एवं तोकापाल तहसीलदार यशोदा तेतरेपा ने शिविर स्थल पर पहुंचकर संस्था के प्राचार्य विधु शेखर झा से शिविर की स्थिति की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि शिविर का लाभ विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में मिले इसे सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वहां लाभार्थियों की उपस्थिति देखकर भरोसा व्यक्त किया कि कार्य को गति दिया जा रहा है। दोपहर तक 31 लोगों का दूरूस्तीकरण का कार्य किया जा चुका था।

### जल स्वच्छता व सफाई पर चला जागरुकता अभियान



बस्तर। एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट के सहयोग से परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा बच्चों एवं ग्रामवासियों में स्वच्छता प्रति जागरूक करना था। संस्था के जिला समन्वयक ने बताया कि स्वच्छता से हमारा शरीर स्वस्थ रहता हैं। स्वच्छ जल और उचित स्वच्छता से बीमारियों को रोका जा सकता हैं। स्वच्छ जल और नियमित हाथ धोने जैसी स्वच्छता की आदतों से हैजा, टाइफाइड और दस्त जैसी बिमारियों को रोका जा सकता हैं। यह कार्यक्रम में उपस्थित प्राथमिक स्कूल प्रधान अध्यापक दुर्गेश कुमार मिश्रा एवं माध्यमिक स्कूल प्रधान अध्यापक कुमारी मंजुला दास तथा परिवर्तन समाज विकास समिति से जिला समन्वयक सूरज पटनायक, पोयम, लैब टेक्नीशियन पल्लवी पाण्डे, स्टॉफ नर्स पूर्वा खापर्डे, पायलट अशोक कुमार बघेल सहित हितग्राही उपस्थित थे।

सेल्फी विथ मी जोन में उमड़ रही लोगों की भीड़

# राज्योत्सव में पुलिस का जागरुकता स्टाल बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






एकलव्य खेल मैदान में आयोजित राज्योत्सव में पुलिस विभाग लगाया गया जागरुकता स्टाल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, वहीं सेल्फी विथ मी जोन में लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

छग राज्य स्थापना दिवस पर एकलव्य खेल मैदान में 2 से 4 नवंबर तक 3 दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव मनाया जा रहा है। राज्योत्सव के प्रथम दिवस रविवार को कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस बैंड द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों की मधुर धुन से की गई। राज्योत्सव में एसपी सूरजसिंह परिहार के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग द्वारा जागरुकता के लिए विशेष प्रदर्शनी स्टाल लगाया गया है जिसमें नक्सलविरोधी अभियान, नक्सली सदस्यों की पुर्नवास नीति, साइबर सुरक्षा जागरुकता एवं यातायात नियमों से संबंधित जानकारी नागरिकों को दी जा रही है। मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर सहित अन्य अतिथियों ने पुलिस विभाग के जागरुकता स्टाल का भ्रमण किया। इस दौरान अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर हथियारों की प्रदर्शनी से संबंधित पोस्टर एवं जानकारियों का अवलोकन कर धमतरी पुलिस के प्रयास की सराहना की।

वहीं सेल्फी विथ मी जोन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। मुख्य अतिथि एवं अधिकारियों ने भी उत्साहपूर्वक सेल्फी विथ मी जोन में पुलिस जवानों के साथ सेल्फी ली। यह राज्योत्सव का प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। पुलिस प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे नागरिकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं को विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार, डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव, पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**सेल्फी जोन में राज्योत्सव की यादें संजोई**

राज्योत्सव में पुलिस द्वारा स्थापित सेल्फी विथ मी एवं कटआउट फोटो जोन राज्योत्सव का मुख्य आकर्षण रहा है। बड़ी संख्या में नागरिकों, बच्चों एवं युवाओं ने पुलिस जवानों के साथ सेल्फी लेकर राज्योत्सव की यादें संजोई। पुलिस का यह जागरुकता एवं प्रदर्शनी स्टाल राज्योत्सव स्थल पर 4 नवंबर तक संचालित रहेगा।

# पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा : कलेक्टर



- बोराई में ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाने हुआ खेलकूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय एवं आपसी विश्वास स्थापित करने के उद्देश्य से बोराई थाना क्षेत्र के आश्रित ग्राम खालसाबुडरा में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर और एसपी का बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण अंचल में आपसी सौहार्द, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया गया। बालिका वर्ग में बुडरापारा व बालक वर्ग में कट्टीगांव मारियामारी ने बाजी मारी।

मुख्य अतिथि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेलकूद से शरीर स्वस्थ रहता है और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं जैसे सड़क, पुल-पुलिया निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन भी दिया। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह ने युवाओं को नक्सलवाद जैसी भ्रामक विचारधाराओं से दूर रहकर शिक्षा और सकारात्मक सोच की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन की असली शक्ति है। इससे ही समाज और देश का निर्माण होता है।

कार्यक्रम में डीएफओ कृष्ण जाधव, एडिशनल एसपी शैलेंद्र पांडे, एसडीओपी विपिन रंगारी, एसडीएम प्रीति दुर्गम, थाना प्रभारी बोराई, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, जनपद सीईओ रोहित, जनपद सदस्य सोनराज वटी, सरपंच बोराई माखन सलाम, राधा नेताम, गांव पटेल राजाराम पटेल, सहदेव वट्टी, गढ़ाराय नेताम, नीरज मरकाम, डां. यूएल कौशिक, सीएमएचओ धमतरी के साथ सिविल अस्पताल बोराई के कर्मचारी उपस्थित थे।

# नृत्य नाटिका सीता हरण से राम विजय तक ने मोहा मन



- राज्योत्सव में सार्थक स्कूल के बच्चों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राज्योत्सव 2025 के अवसर पर सार्थक स्कूल धमतरी के विशेष बच्चों ने सीता हरण से राम विजय तक शीर्षक से एक मनमोहक एवं भावपूर्ण नृत्य नाटिका प्रस्तुत की।

इस प्रस्तुति में सीता विरह, रावण का अहंकार, हनुमान जी की वीरता, भगवान श्रीराम की विजय और अयोध्या में उनके स्वागत के प्रसंगों का सुंदर मंचन किया गया।

दर्शकों ने बच्चों के अभिनय, अभिव्यक्ति, तालमेल और मंचीय आत्मविश्वास की खुलकर प्रशंसा की। विशेष बच्चों द्वारा प्रस्तुत यह नाटिका दर्शकों के लिए श्रद्धा, भाव और आनंद से भरपूर अनुभव रही। लघुनाटिका में ईशु बनपेला, एकलव्य पटेल, भारती पटेल, वत्सला साहू, मनीषा साहू, प्राची सोनी, प्रीती साहू, निखिल जैन, कुलदीप बंजारे, नेमेश सिन्हा, यज्ञदत्त साहू, हर्षिता गजेन्द्र ने प्रशिक्षिकाएं काजल रजक और देविका दीवान के कुशल निर्देशन में प्रस्तुति दी। इस पहल पर संस्था के संरक्षक डॉ. अनिल कुमार रावत, गोपाल शर्मा, मदनमोहन खंडेलवाल, संस्थापक अध्यक्ष प्रभा रावत, अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी, सचिव स्नेहा राठौड़, कोषाध्यक्ष वर्षा खंडेलवाल, सदस्य हरख जैन, पायल खंडेलवाल, आकाश गोलछा एवं कीर्ति गोयल, सार्थक की वरिष्ठ प्रशिक्षिका मैथिली गोड़े ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर निकलेगी पदयात्रा

- तैयारी को लेकर जिला संगठन और जनप्रतिनिधियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





भारत के लौह पुरुष और एकीकरण के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली भव्य पदयात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा जिला संगठन एवं जनप्रतिनिधियों की योजना बैठक भाजपा जिला कार्यालय गोविंद सारंग भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रकाश महेश ने की, जबकि विशेष रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू उपस्थित थे। बैठक में तय किया गया कि पदयात्रा गांधी मैदान धमतरी में सभा के साथ संपन्न होगी। यात्रा के दौरान विभिन्न समाजों और संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। इस पदयात्रा में लोकसभा महासमुंद क्षेत्र की सांसद रूप कुमारी चौधरी विशेष रूप से शामिल रहेंगी।

जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू ने बताया कि सरदार पटेल ने आज़ादी के बाद 562 रियासतों को भारत संघ में शामिल कर एक मजबूत राष्ट्र की नींव रखी। हैदराबाद, जूनागढ़ और कश्मीर जैसी रियासतों को शांतिपूर्ण या निर्णायक कदमों से भारत में मिलाने के कारण ही उन्हें भारत का लौह पुरुष कहा गया।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राकेश साहू एवं समापन महामंत्री महेंद्र पंडित ने किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, जनपद पंचायत अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष ज्योति साहू, सभापति कौशल्या देवांगन, हेमंत चंद्राकर, मोनिका देवांगन, विनय जैन, पवन गजपाल, कोमल देवांगन, अनिल तिवारी, हेमंत साहू, आनंद मेश्राम, राजीव चंद्राकर, धनेश्वरी साहू, विभा चंद्राकर, अज्जू देशलहरा, अखिलेश सोनकर सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिवा शिविर में पचपेड़ी स्कूल के स्वयंसेवकों ने की सहभागिता




हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

राष्ट्रीय सेवा योजना पचपेड़ी इकाई द्वारा गोदग्राम सिलघट में दिवा शिविर का आयोजन किया गया। छात्रों ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सहयोग किया गया। छात्रों ने स्वास्थ्य कार्यकर्ता गोपेश्वरी साहू एवं सेवती साहू के माध्यम से नवजात शिशु एवं गर्भवती माता को किए जाने वाले टीकाकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में कृष्णा सोनकर सरपंच सिलघट एवं डिकेश्वरी देवांगन जनपद सदस्य कुरूद की उपस्थिति रही। जनपद सदस्य डिकेश्वरी ने छात्रों के प्रयास को शिक्षा के माध्यम से सेवा कार्य की एक महत्वपूर्ण पहल बताया। सरपंच कृष्णा सोनकर ने स्वयंसेवकों से विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से जुड़कर समाज सेवा करने की बात कही।

इस दौरान 20 नवजात शिशु एवं पांच गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। 20 ग्रामीण जनों की बीपी एवं शुगर की जांचकर उन्हें निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। इस दिवा शिविर में कार्यक्रम अधिकारी मिथलेश सिन्हा के नेतृत्व में 50 स्वयं सेवकों की सहभागिता रही।

# पार्षद हिमानी ने किया सफाईकर्मियों को सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दीपावली पर लाल बगीचा वार्ड क्रमांक 03 में स्वच्छता और सेवा का अनूठा उदाहरण देखने को मिला, जब वार्ड की पार्षद एवं सभापति (विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग) श्रीमती हिमानी भागवत साहू ने वार्ड के सफाई कर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी कर्मियों को उपहार प्रदान किए और उनके निष्ठापूर्ण कार्य की सराहना की।

श्रीमती साहू ने कहा कि सफाई कर्मी हमारे समाज के असली नायक हैं, जिनके प्रयास से हमारा शहर और वार्ड स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में इन कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण है और समाज को उनके योगदान के प्रति सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए।

वार्डवासियों ने पार्षद हिमानी साहू की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान वास्तव में उन हाथों को समर्पित है जो प्रतिदिन शहर को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान देते हैं।

# लल्लूराम अध्यक्ष एवं चिरंजीवी सचिव चुने गए



- विश्वकर्मा बाबा राजमिस्त्री मजदूर संघ का हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

विश्वकर्मा बाबा राजमिस्त्री मजदूर संघ कुरूद की मासिक बैठक रविवार को हुई। संघ के नए पदाधिकारियों का चुनाव मतदान प्रक्रिया से हुआ। अध्यक्ष लल्लूराम साहू, उपाध्यक्ष परमानंद साहू, कोषाध्यक्ष चेतन पटेल, सचिव चिरंजीवी सोनबेर निर्वाचित हुए।

अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार थे। ओमप्रकाश यादव को 156 एवं लल्लूराम साहू को 200 मत मिले। लल्लूराम साहू 44 वोट से विजयी घोषित हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए 3 उम्मीदवार थे जिसमें परमानंद साहू को 181 वोट, संतोष यादव को 113 वोट तथा धनीराम साहू को 48 वोट मिले।

परमानंद साहू 68 वोट से विजयी घोषित हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिए 2 उम्मीदवार थे जिसमें चेतन पटेल को 180 वोट एवं राजेश साहू को 152 वोट मिले। चेतन पटेल 27 वोट से विजयी हुए। चिरंजीवी सोनबेर निर्विरोध सचिव घोषित किए गए। चुनाव संपन्न कराने में चुनाव संचालक तोमनलाल सोनबेर, शीतल साहू, राजेंद्र, राधे पटेल, हीराधर, कुलेश्वर सोनबेर, हरीश देवांगन, भोजराम तारक, सतीश साहू, गुणीराम, कृपाल साहू, सोहन साहू, सेवक यादव समेत अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

# हर घर जाकर की जायेगी मतदाताओं की सूची की जांच

- तहसीलदार ने बीएलओ को दिया एसआईआर का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद






छत्तीसगढ़ में 2028 विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से शुरू हो गई है। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025 को सुचारू और त्रुटिरहित तरीके से संचालित करने के लिए सभी तहसील में बीएलओ और बीएलए का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत हर घर जाकर मतदाताओं की सूची की जांच की जाएगी।

इसी तारतम्य में सोमवार को जनपद सभागार में कुरुद तहसीलदार श्रीमती दुर्गा साहू ने आयोजित प्रशिक्षण में शामिल होकर कहा कि यह कदम मतदाता सूची को पूरी तरह सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए उठाया गया है। इसमें मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने प्रशिक्षण में बीएलओ को एसआईआर के उद्देश्य, चरणबद्ध कार्ययोजना और गणना प्रपत्र ईएफ के वितरण एवं संकलन की जानकारी देकर बीएलओ को फार्म भरते समय सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी शंका की स्थिति में मास्टर ट्रेनर से अवश्य मार्गदर्शन लें।

प्रशिक्षण में बताया गया कि एसआईआर के तहत 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। इस अवसर पर सीईओ अमित सेन, निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, बीएलओ और राजनीतिक दलों के एजेंट उपस्थित थे।

# दीप्ति ने चित्रकला में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



राज्यस्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता 2025 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरमुड़िया कक्षा नवमी की छात्रा दीप्ति नवरंगे ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय सहित जिले का नाम रोशन किया। उनके मार्गदर्शक शिक्षक लेखराम साहू, प्राचार्य आरके सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भूपेंद्र पटेल, सरपंच श्रीमती नीतू तेजेंद्र तोड़कर, जनपद सदस्य उर्वशी जितेंद्र बांधेकर समेत अन्य शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 नवंबर दोपहर 12 बजे पेंशनर एसो. भवन में आयोजित की गई है। बैठक में पेंशनर स्थापना दिवस पर चर्चा कर रूपरेखा तैयार की जाएगी। वीरेंद्र नाग अध्यक्ष, सचिव मोतीलाल हिरवानी ने पेंशनरों से अनुरोध किया है कि माह नवंबर में जीवित प्रमाण-पत्र बैंकों में अनिवार्य रूप से जमा करें।

### कलाकारों को 10 महीने से नहीं मिली पेंशन

**आमदी(धमतरी)।** साहित्य और कला क्षेत्र से जुड़े अर्थाभाव कलाकारों को छग शासन के संस्कृति विभाग नया रायपुर द्वारा मासिक वित्तीय सहायता पेंशन के रूप में 2000 रूपए दिया जाता है। वर्तमान में बढ़ोतरी कर पांच हजार किया गया है पर धमतरी जिले के कलाकारों को पिछले 10 महीने से योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इससे कलाकारों को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। आमदी के दाऊलाल, बाबूलाल पटेल, परेवाडीह के चैनूराम सेन, पतिराम, बलियारा के कपिलराम साहू ने बताया कि सांस्कृतिक विभाग द्वारा अर्थाभाव कलाकारों को मासिक वित्तीय सहायता पेंशन के रूप में 2 हजार रुपए दिया जा रहा था। अब इस राशि को बढ़कर 5 हजार किया गया है, लेकिन हमें पिछले 10 महीने से इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इससे अर्थाभाव कलाकारों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। आगे बताया कि यह राशि दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़ जिले के कलाकारों को प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने शासन-प्रशासन से 10 माह की पेंशन शीघ्र दिलाने की मांग की है।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में अनुति का शानदार प्रदर्शन

**जगदलपुर।** शहर की उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी अनुति तेन्नेटी ने राज्य स्तरीय विद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीती है। अंबिकापुर में संपन्न प्रतियोगिता में उन्होंने अंडर-14 बालिका वर्ग में प्रतिभा का परिचय देते हुए छत्तीसगढ़ की अंडर-14 टीम में जगह बनाई है। अब अनुति दिसंबर माह में मध्य प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की स्कूली बैडमिंटन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस वर्ग में पूरे संभाग से चयनित होने वाली अनुति एकमात्र खिलाड़ी हैं। पिछले पांच वर्षों से अनुति कोच क्रिस क्रिस्टोफर से प्रशिक्षण ले रही हैं। कोच ने बताया कि अनुति उनकी चौथी ऐसी खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगी। इससे पूर्व उनकी तीन अन्य शिष्याएं भी छत्तीसगढ़ की ओर से नेशनल प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी हैं। उन्होंने बताया कि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को दिन में दो बार विशेष सत्रों में प्रशिक्षण दिया जाता है।

### रजत जयंती समारोह का समापन आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह का तीन दिवसीय भव्य आयोजन मंगलवार को सिटी ग्राउंड में अपने रंगारंग समापन की ओर अग्रसर है। राज्य की समृद्ध कला और विरासत को समर्पित समारोह तीसरे और अंतिम दिन दर्शकों को एक अविस्मरणीय अनुभव देगा।
कार्यक्रम की शुरुआत मोक्षी पांडे द्वारा प्रस्तुत शक्तिशाली देवी तांडव से होगी। आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की मोक्षी की यह ऊर्जावान प्रस्तुति मंच पर एक दैवीय आभा का संचार करेगी। इसके उपरांत कलाकार शिवानी सामदेकर 12 मासी छत्तीसगढ़ के माध्यम से राज्य के लोक जीवन और पूरे वर्ष मनाए जाने वाले पारंपरिक त्योहारों की एक मनोरम झाँकी प्रस्तुत करेंगी।
कार्यक्रम में समूह नृत्यों का विशेष समावेश होगा, जिसमें विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विवेकानंद विद्यालय और माध्यमिक विद्यालय बोरपदर के छात्रों के अलावा, कन्या क्रमांक 2 की छात्राओं का दल भी अपने समन्वित और कलात्मक समूह नृत्य का प्रदर्शन करेगा। समारोह का शानदार समापन हाई स्कूल छिंदवाड़ा के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक धुरवा समूह लोक नृत्य के साथ होगा।

**श्री गुरुनानक जयंती : शोभायात्रा का जगह-जगह फूलों की वर्षा से हुआ स्वागत**

# पंज प्यारों की अगुवाई में गुरुग्रंथ साहिब का नगर कीर्तन निकला





**बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष व बच्चे हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिखों के पहले गुरु गुरूनानकदेव जी के 556 वें प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा श्री गुरूसिंग सभा धमतरी के सिख समाज ने नगर कीर्तन निकाला जिसमें सिख समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

सोमवार की शाम को गुरुद्वारा से नगर कीर्तन निकला। इस दौरान गुरु के भजन कीर्तन से पूरा नगर गूंजता रहा। वहीं बोले सो निहाल सतश्री अकाल, राज करोगे खालसा, देग तेग फतेह पंथ की जीत हो के जयघोष होते रहे। गुरुसिंग सभा गुरुद्वारा से गुरूग्रंथ साहिब की अगुवाई में नगर कीर्तन निकला। गुरू का ध्वज लेकर चल रहे युवा पूरी सादगी से गुरु के भजनों में लीन रहे। युवा अपनी हैरतअंगेज करतबों से सभी को रोमांचित कर रहे थे। नगर कीतन में पंच प्यारों के आगे भक्त सड़क पर झाडू लगाकर, पानी से साफ कर फूलों की वर्षा कर गुरुग्रंथ साहिब की पालकी की अगुवानी कर रहे थे। उनके पीछे महिलाएं भजन कीर्तन गुरुवाणी कर नगर के वातावरण को भक्तिमय बना रही थीं।

नगर कीर्तन गुरुग्रंथ साहिब गुरुद्वारा से बालक चौक, गोलबाजार, मठमंदिर चौक, कचहरी चौक, गांधी मैदान, म्युनिस्पिल स्कूल चौक, रत्नाबांधा चौक होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंचा। इस दौरान मिष्ठान प्रसादी, चाय पानी की सेवा समाज के सम्मानित गणों ने की। गुरुग्रंथ साहिब जी महाराज के संरक्षण में रजिन्दर सिंघ छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह मान, गुरप्रीत सिंह गाले, मनदीप सिंह खनूजा, हरमिंदर सिंह छाबड़ा, अमरजीत खालसा, अंग्रेज सिंह, मोहनपाल चोपड़ा, सविंदर जुनेजा, भूपेंद्र तलूजा, गुरुमुख खनूजा, मलप्रीतसिंह गिल, प्रीत सिंह छाबड़ा, सतपाल आजमानी, जसपाल तलूजा, मनदीप छाबड़ा, अवतार गरेवाल, मनदीप ढिल्लन, सतनाम धनोआ, बालबिंदर बग्गा, संदीप सिंह जुनेजा, ममता खालसा समेत अन्य समाजजन जुटे रहे।

गुरुद्वारा श्री गुरुसिंग सभा धमतरी के प्रधान जगजीवन सिंह सिद्धू, सेकेट्री जसपाल सिंह छाबड़ा ने कहा कि यह पर्व न केवल धार्मिक समर्पण का प्रतीक है बल्कि समाज में भाईचारे और सेवा भावना बढ़ावा देने का संदेश भी देता है। श्रद्धालु गुरुनानक देव जी के सिखावनों को आत्मसात करते हुए नगर में प्रसाद वितरण सेवा और कीर्तन में भाग लेकर उत्सव को यादगार बना रहे।

## संजना व भावेश का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




69वीं राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता ईटानगर अरुणाचल प्रदेश में होगी। इस प्रतियोगिता में शिवसिंह वर्मा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की संजना यादव पिता भोजराज यादव का चयन अंडर 17 बालिका वर्ग के 60 से 63 किलोग्राम वजन वर्ग में हुआ। सितंबर माह में आयोजित राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में संजना ने रायपुर जोन का प्रतिनिधित्व कर फाइनल मुकाबले में सरगुजा जोन की खिलाड़ी को शानदार 3-0 से हराकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन सुनिश्चित कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। वह ग्यारहवीं की छात्रा है। बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिले से पहली खिलाड़ी बनी जिन्हें राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त किया। संस्था के ही भावेश ध्रुव ने जांजगीर चांपा में आयोजित राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के अंडर-19 वर्ष बालक वर्ग के 70 किलोग्राम वजन वर्ग में सरगुजा के आकाश को फाइनल मुकाबले में हराकर गोल्ड मेडल जीता। इस आधार पर पानीपत हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के कुश्ती दल में उनका चयन हुआ।

### राज्योत्सव में आज मचेगी दिल्ली के साधो बैंड की धूम

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में हर्ष और उत्साह से राज्योत्सव मनाया जा रहा है। जिला मुख्यालय धमतरी के डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में 2 से 4 नवम्बर तक जिला स्तरीय राज्योत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। राज्योत्सव के तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण होगा देश की राजधानी दिल्ली से आए साधो बैंड का लाइव कार्यक्रम रात 8 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर छत्तीसगढ़ी कला, संस्कृति, और संगीत का आनंद लें तथा राज्य की गौरवशाली परंपरा का उत्सव मनाएं।

## प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन गंगरेल में 16 को, युवाओं को सौंपी जिम्मेदारी




- गोंडवाना भवन में हुई आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गोंडवाना भवन धमतरी में रविवार को आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर से समाज के प्रमुख, पदाधिकारी, महिला प्रभाग एवं युवा प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में समाजिक उत्थान, युवा सशक्तिकरण तथा विवाह परंपराओं के संरक्षण जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 16 नवम्बर को आदिशक्ति मां अंगारमोती परिसर गंगरेल में किया जाएगा। युवाओं को सम्मेलन की तैयारी को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई।

ज्ञात हो कि यह परिचय सम्मेलन प्रदेश भर के गोंड समाज के युवक-युवतियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां वे समाज के सामने अपना परिचय प्रस्तुत करते हैं। इस दौरान युवाओं और उनके परिजनों के बीच परस्पर संवाद एवं काउंसिलिंग की प्रक्रिया भी होती है, ताकि विवाह संबंध समाज की परंपरा और सहमति से तय किए जा सके। सम्मेलन में विवाह योग्य युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों जैसे नौकरी, शिक्षा, सामाजिक दबाव और पारिवारिक अपेक्षाओं पर सामूहिक चर्चा की जाएगी। महिला प्रभाग की ओर से आदर्श विवाह की परिकल्पना का प्रस्ताव रखा गया। महिला प्रभाग ने बताया कि आने वाले समय में जिला स्तरीय आदर्श विवाह आयोजन किया जाएगा, जिसमें परंपरागत गोंडी रीति-रिवाजों के साथ सादगीपूर्ण विवाह संपन्न होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में अनावश्यक खर्चों और दिखावे को कम करते हुए सामाजिक एकता और समानता को बढ़ावा देना है।

समाज के संरक्षक जीवराखन मरई ने कहा कि गोंड समाज की एकता और संस्कृति को बनाए रखने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक है। युवक-युवती परिचय सम्मेलन केवल विवाह का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के युवाओं को एकजुट करने का प्रतीक है। जिला गोंड समाज के अध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारा समाज अब शिक्षित और जागरूक दिशा में आगे बढ़ रहा है।

बैठक में गोंड़ समाज के तहसील अध्यक्ष जयपाल ठाकुर, ठाकुर राम नेताम, नारायण ध्रुव, कृष्णा नेताम, होमन सिंह कतलम, राजेन्द्र सूर्याकर, डॉ. एआर ठाकुर, उदय नेताम, गेवाराम नेताम, गणेश्वर ध्रुव, शिवप्रसाद कोर्राम, मनबोधन सलाम, नरेश छैदेया, शिव नेताम, प्रमोद कुमार ध्रुव, शंकरलाल नेताम, मनराखन सिंह मंडावी, कृष्ण कुमार मरकाम, श्यामलाल नेताम, नरेश पडोटी, झागेश्वर ध्रुव, दुष्यंत मंडावी, चन्द्रकिरण नेताम, चमेली नेताम, शान्ति बाई, नन्दा ध्रुव, गीता नेताम, भूमिका कोर्राम, हरिचंद नेताम, ओंकार नेताम, वेदप्रकाश ध्रुव, नीलू छैदेया, दिग्विजय ध्रुव, हेमंत ध्रुव, नरोत्तम सिंह नेताम सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

1 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य आंदोलनकारी एवं संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा छत्तीसगढ़ी भवन आजाद चौक रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित की गई। मौके पर अनिल दुबे, जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद वर्मा, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, छन्नू साहू, विजेंद्र सोनबेर, अशोक कश्यप, विमल ताम्रकार, बृज बिहारी साहू, दीनदयाल साहू आदि मौजूद रहे। यह जानकारी किसान नेता घनाराम साहू ने दी।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

## मां भारती की सेवा करने के बाद घर लौटे जवान का भव्य स्वागत

- 21 वर्षों तक भारतीय सेना में दी सेवा, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम सेमरा (बी) के जांबाज सिपाही नायब सूबेदार घनश्याम साहू भारतीय सेना में 21 वर्षों तक मां भारती की सेवा करने के बाद जब सेवानिवृत्ति के उपरांत अपने गृह ग्राम लौटे, तो पूरे गांव में गौरव और उत्साह का माहौल छा गया।

ग्रामवासियों द्वारा आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने नायब सूबेदार घनश्याम साहू का शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि नायब सूबेदार घनश्याम साहू जैसे वीर सैनिक हमारे समाज और देश के गौरव हैं। उन्होंने अपने जीवन का स्वर्णिम समय राष्ट्र सेवा को समर्पित किया है। ऐसे सपूत हमारे युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और हमें गर्व है कि हमारे क्षेत्र की माटी ने ऐसे वीर को जन्म दिया। ग्रामीणों ने तिलक कर एवं पुष्प वर्षा के माध्यम से उनका स्वागत किया।

### तहसील पेंशनर्स समाज की हुई बैठक

**नगरी।** पेंशनर्स समाज की मंगलवार को महत्पूर्ण बैठक आयोजित की गई। आय-व्यय का लेखा जोखा अध्यक्ष आरएल देव, संरक्षक एएल बनपेला, कोषाध्यक्ष एस.वर्मा, सचिव पी आर चद्रवंशी के मध्य नगरी के जो.प्र. एलएस गजपाल, सांकरा जो.प्र. एलआर चनाप, सिहावा जो.प्र. केएन पाण्डेय, बेलर जो. प्र. एलएल नाग, गट्टासिली जो.प्र एसआर चौहान द्वारा प्रस्तुत किया गया। 3 नवंबर से जीवित प्रमाण-पत्र फार्म भरा जायेगा। इस दौरान दिवंगत पेंशनरों को भावभीनी श्रध्दांजलि अर्पित की गई।

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
04 नवंबर दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
05 नवंबर दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
समय : सुबह 10:30 से 3 बजे
पाईल्स लेज़र चिकित्सा
पाईल्स, फिशर, फिस्चुला एवं क्षारसूत्र चिकित्सा
बवासीर के कुछ सामान्य लक्षण :
- गुदा मार्ग में दर्द एवं खून आना ( Anal Pain & Bleeding)
- गुदा मार्ग में जलन का होना (Burning Sensation)
- गुदा मार्ग में मवाद आ आना (Pus Discharge)
- कपड़े का हमेशा गीला रहना
- अच्छे से पेट साफ न होना
पेट रोग (पेट साफ न होना/कब्ज, गैस)
- Fatty Liver, गैस, Gred, IBS, Amoebiasis
- पेट में जलन, ठकार, पेट फूला-फूला लगना
- ऐसा लगना की पूरा पेट साफ नहीं हुआ और
- बार-बार जाने की इच्छा होना
लेजर चिकित्सा पर 50% की छूट
गुदागत रोगों जैसे पाईल्स, भगंदर और फिशर आदि का सफलतम उपचार अत्यंत लाभकारी आधुनिक लेज़र चिकित्सा द्वारा किया जाएगा।
स्थायी पता : मिरैकल्स पाईल्स एवं डेंटल क्लीनिक
शॉप नं. 19, हाउसिंग बोर्ड, कमर्शियल कॉम्पलेक्स, चौपाटी के पास, शंकर नगर, रायपुर
असुविधा से बचने के लिए कृपया अग्रिम पंजीयन करें- 7869048192
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
21 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनाद्म स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)